# राजस्थान सरकार

## निदेशालय कोष एवं लेखा

*वित्त भवन, "ए" ब्लॉक, जनपथ, जयपुर- 302005*

( दूरभाष 0141-2740735, फैक्स 0141-2742309, ई मेल jacct.dta@rajasthan.gov.in )

दिनांक :- 10/8/18

क्रमांक :- एफ.4(ई)(1)(6)/क.ले. प्रशि./2017/अलेसे-III / 2212 2211

आदेश संख्या : 182/2018-19

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा के निम्नांकित कार्मिको को हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (रीपा),क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पुराने RTO के सामने DCM रोड छत्रपुरा,(उर्फ़) रामचन्द्रपुरा , कोटा- 324001 में दिनांक 13/08/2018 से 05/10/2018 तक आयोजित होने वाले **कनिष्ठ लेखाकार** पद के आठ सप्ताह के संस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 13/08/2018 को प्रातः 09:30 बजे संस्थानिक प्रशिक्षण के लिए उपस्थिति देने हेतु मनोनीत किया जाता हैं:-

| क्र.स.<br>(1) | कनिष्ठ लेखाकार का नाम - [लिंक नंबर]<br>पिता का नाम, जन्म तिथी, मेरिट क्रमांक/वर्ष<br>(2) | वर्तमान पदस्थापन कार्यालय का नाम<br>(3) |
|---|---|---|
| 1 | आरती अग्रवाल - [10300]<br>राधे लाल अग्रवाल, 06/08/1991, 389/2013 | कोषाधिकारी, कोष एवं लेखा विभाग, भरतपुर |
| 2 | धीरज कुमार राठौड - [11737]<br>शिव शंकर राठौर, 09/09/1989, 818/2013 | उप कोषाधिकारी, कोष एवं लेखा विभाग, झालरापाटन, झालावाड़ |
| 3 | निशा कुमारी मीणा - [9894]<br>शिव राम मीणा, 07/01/1990, 3368/2013 | तहसीलदार, राजस्व विभाग, टोडाभीम, करौली |
| 4 | पपीता मीणा - [11411]<br>बत्ती लाल मीणा, 05/04/1989, 3330/2013 | सहायक निदेशक अभियोजन, विधि विभाग, सवाई माधोपुर |
| 5 | राहुल वर्मा - [12734]<br>रामशरण लाल, 10/05/1989, 1801/2013 | अधिशाषी अभियंता, गुण नियंत्रण खण्ड, सार्वजनिक निर्माण विभाग, भरतपुर |
| 6 | रीना बैरवा - [11416]<br>रामसिंह बैरवा, 26/11/1991, 3352/2013 | जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक मामलात विभाग, सवाई माधोपुर |
| 7 | सौरभ कुमार - [10744]<br>राजबिर सिंह, 11/08/1993, 799/2013 | संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, भरतपुर |
| 8 | शिशुपाल सिंह - [10442]<br>दीवान सिंह, 10/06/1989, 577/2013 | संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, भरतपुर |
| 9 | विकास कुमार - [10625]<br>राजाराम, 30/06/1989, 680/2013 | संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, भरतपुर |
| 10 | मनीषा कुमारी- [10778 ]<br>जय भगवान, 20/05/1991,1207/2013 | संयुक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, भरतपुर |

उक्त प्रशिक्षण की अवधि आठ सप्ताह (सात सप्ताह का संस्थानिक प्रशिक्षण व एक सप्ताह का परीक्षा कार्यक्रम) की होगी तथा प्रशिक्षण का समय प्रातः 09:30 से सायं 06:00 बजे तक रहेगा। उक्त प्रशिक्षण अवधि में सभी प्रशिक्षणार्थियों को वेतन एवं भत्ते आदि का भुगतान उनके वर्तमान पदस्थापन कार्यालय द्वारा ही किया जायेगा।

यह प्रशिक्षण पूर्णतः गैर आवासीय है, अतः प्रशिक्षणार्थी को आवास व खान-पान आदि की व्यवस्था स्वंय के स्तर पर करनी होगी।

उपरोक्त सभी कार्मिकों को राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 32(2) के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। अतः सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से अनुरोध है कि वे उनके कार्यालय/विभाग में कार्यरत उपरोक्त समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षण हेतु आवश्यक रूप से कार्यमुक्त करें। किसी भी कार्मिक को प्रशिक्षण से मुक्त रखना संभव नहीं होगा।

सेवा से त्यागपत्र देना चाहेगा अथवा अन्य पद ग्रहण करना चाहेगा तो ऐसी स्थिति में उन्हें प्रशिक्षण अवधि में उसके द्वारा प्राप्त समस्त प्रकार के वेतन-भत्ते तथा प्रशिक्षण पर हुए व्यय की दो गुना राशि का भुगतान एकमुश्त राजकोष में जमा कराना आवश्यक होगा। सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण पर उपस्थिति देते ही निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में बाण्ड भरकर सम्बन्धित पाठ्यक्रम निदेशक को प्रस्तुत करेंगे।

प्रशिक्षण की समाप्ति उपरान्त उपरोक्त सभी **कनिष्ठ लेखाकार** अपने वर्तमान पदस्थापन कार्यालय में ही उपस्थिति देंगे।

यदि किसी कार्मिक ने कनिष्ठ लेखाकार पद का संस्थानिक प्रशिक्षण पूर्व में प्राप्त कर लिया है तो उसे पुनः प्रशिक्षण के लिए कार्यमुक्त नही किया जावें। यदि किसी कार्मिक के वर्तमान पदस्थापन कार्यालय में कोई परिवर्तन हुआ है तो उसे परिवर्तित कार्यालय (वास्तविक रुप से कार्यरत कार्यालय) के कार्यालयाध्यक्ष द्वारा कार्यमुक्त किया जावेंगा।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः- एफ.4(ई)(1)(6)/क.ले. प्रशि./2017/अलेसे-III / 2211 दिनांक :- 10/8/18

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-**

. महानिदेशक, ह.च.मा. राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर।

. प्रभारी अधिकारी, (प्रशिक्षण एवं आयोजना) ह.च.मा. राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर।

. अतिरिक्त निदेशक/सहायक निदेशक, **हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (रीपा),क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पुराने RTO के सामने DCM रोड छत्रपुरा,(उर्फ़) रामचन्द्रपुरा , कोटा- 324001** को मय बाण्ड फार्म प्रेषित कर अनुरोध है कि बाण्ड फार्म समस्त कार्मिको से पूर्ती करवाकर इस विभाग को शीघ्र भिजवाने की व्यवस्था करें एवं उपरोक्त कार्मिकों को प्रशिक्षण की समाप्ति पर उनके वर्तमान विभाग/कार्यालय के लिए कार्यमुक्त कर निदेशालय को सूचित करें।

. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष.............................................................................................
................................................को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित कार्मिक को प्रशिक्षण हेतु आवश्यक रुप से कार्यमुक्त कर इस विभाग को अवगत करावें क्योकि किसी भी कार्मिक को प्रशिक्षण से मुक्त रखना संभव नही होगा।

. सम्बन्धित कार्मिक को प्रेषित कर लेख है कि उक्त संस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में नियत तिथी/समय पर उपस्थित होकर उपस्थिति की सूचना निदेषालय को अविलम्ब भिजवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार की जाने वाली अनुशासनिक कार्यवाही के लिए तथा निर्धारित समयावधि में प्रशिक्षण प्राप्त नही करने के प्रतिफल के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।

. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर शाखा (वेबसाइट हेतु)।

. रक्षित/निजी पत्रावली।

(शिल्पी कौशिक)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक III)